श्री बंशीधर नगर, शनिवार
27.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष तृतीया, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 242

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:24 बजे
अस्त - 06:22 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 42 डिग्री से.
न्यूनतम : 27 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




डिजिटल अखबार  www.banshidharnews.com
घर-घर जाकर की मतदाता पर्ची वितरित >> पेज 03 | मुस्लिम लीग के एजेंडे के साथ कांग्रेस : शाह >> पेज 04

**सुविचार**
जिंदगी में अगर कभी मुश्किलें आ जाएं तो उदास मत होना, क्योंकि जिंदगी कभी भी कहीं से भी एक नया मोड़ ले सकती है!

**न्यूज अपडेट्स**

### गांडेय उपचुनाव के लिए 20 मई को मतदान

**रांची।** चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख है। नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### चलती कार में लगी आग, चालक घायल

**रांची।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू जाने वाली सड़क पर अचानक चलती कार में शुक्रवार को आग लग गयी। घटना में कार चला रहा युवक बुरी तरह घायल हो गया है। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक आग लगने से कार चला रहा युवक घबरा गया और उसने कार को सड़क के किनारे खड़ा करने की कोशिश की लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में कार चला रहा युवक किसी तरह जलती हुई कार से बाहर निकला। चालक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। एयरपोर्ट थाना प्रभारी कश्यप गौतम मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया।

**लोकसभा चुनाव : महाराष्ट्र में सबसे कम 54.34 व त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान**

# दूसरे चरण में 61 प्रतिशत मतदान

**नयी दिल्ली :** उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। 12 राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति के अनुसार कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनके सहयोगी निर्वाचन आयुक्त् ज्ञानेश कुमार तथा सुखवीर सिंह संधू ने राजधानी में आयोग के मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में एक लाख मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की गयी। बिहार के बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर



के बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का अंतिम समय चार बजे के बजाय शाम छह बजे बढ़ा दिया गया था ताकि मतदाता तेज गर्मी से बच सकें। छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और मणिपुर तथा अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पुरुष और महिलायें अपने परम्परागत परिधानों में आकर लोकतंत्र के इस महापर्व की छटा को और वैविध्य किया।

कर्नाटक में वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र की टीम ने मतदान शुरू होने से पहले परम्परागत वेशभूषा में मतदाताओं का स्वागत किया। कई मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करते देखे गये।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद के कुल्हाड़ी घाट गांव की कुछ महिला मतदाता कामार पी वी टी जी मतदान केन्द्र पर अपने शिशुओं के साथ वोट डालने आयीं थी। पहली बार मतदान का अधिक प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को कई जगह वोट डालने के बाद खुशी से सेल्फी लेते देखा गया।

त्रिपुरा में दूरदराज के धलाई विधानसभा क्षेत्र के राइमा घाटी में एक मतदान केन्द्र पर मतदातानावों से वोट डालने पहुंचे थे। सेवानिवृत्त एयर मार्शल पी वी अय्यर बेंगलुरु में एक मतदान केन्द्र पर पहले घंटे में मतदान किया। राजस्थान में डूंगरपुर के बदगामा, चिखली मतदान केन्द्र के कुछ मतदाताओं को नाला पार करने के लिये डोंगी लगायी गयी थी।

केरल में मतदान प्रक्रिया के दौरान एक बूथ एजेंट सहित चार लोगों की मौत हो गयी। कर्नाटक में बेंगलुरु के जेपी नगर के एक केन्द्र पर मतादाओं की कतार में लगी एक अधेड़ महिला को दिल का दौरा पड़ा। उसी कतार में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे एक चिकित्सक ने तत्काल उसकी सहायता की और उसे पुलिसकर्मियों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दूसरे चरण में 88 सीटों पर कुल 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनके वोट पर 1,206 प्रत्याशियों का चुनावी भविष्य तय हो रहा है। इन सीटों के 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सुबह सात बजे से कराया जा रहा है।

निर्वाचन आयोग ने बिहार के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर के बहुत कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान समय पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक और कुछ पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज किया जा रहा है, उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शाामिल हैं। आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं, और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं।

दूसरे चरण के चुनाव में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान हो रहा है। इन पर 1206 कुल प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। लोक सभा की कुल 543 सीटों के लिये सात चरणों में कराये जा रहे आम चुनाव की मतगणना चार जून को करायी जायेगी। पहले चरण में 102 सीटों पर 62.37 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 2019 की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत कम है।

## राज्य में 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी

**रांची।** राज्य में मई से पहले ही गर्मी झुलसाने लगी है। तेज धूप की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया। दिनभर तेज धूप के कारण लोग शहर की सड़कों पर कम ही दिख रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं का असर भी राजधानी समेत अन्य हिस्सों में बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। 27 अप्रैल को हीट वेव का असर संथाल और दक्षिणी हिस्से में देखा जायेगा जबकि 28 से 29 के बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी देखा जायेगा। ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। बढ़ते तापमान और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने विशेष अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर के चार बजे तक बाहर न निकलें। समय-समय पर पानी पीते रहे। सूती कपड़े का इस्तेमाल करें।

### झुमरा पहाड़ पर नक्सलियों ने की फायरिंग

**बोकारो।** सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी (नक्सली) के कमांडर बीरसेन उर्फ चंचल एवं उसके दस्ते के झुमरा पहाड़ क्षेत्र में आने की सूचना पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पहाड़ से नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर एक राउंड फायरिंग की। जांच के दौरान जवानों ने नक्सलियों के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय में एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार की रात सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर एवं जिला पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान संध्या समय ललपनिया थाना प्रभारी एवं झारखंड जगुआर एजी-15 की सर्च टीम लालगढ़ टोला लईयोगढ़ा पार कर रही थी। तभी जंगल की तरफ से एक फायर हुआ। सर्च टीम ने उस दिशा में पीछा किया लेकिन जंगल का लाभ उठाकर नक्सली भाग निकले।

**रामगढ़ : अपने घर पर ही मतदान करेंगे 43 असहाय मतदाता**

## चुनाव में घर आ रहे 3000 प्रवासी

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नामांकन 27 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि तीन मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। चार मई को स्क्रुटनी होगी और छह मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। इसके बाद 20 मई को लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा और चार जून को मतगणना के बाद यह प्रक्रिया खत्म होगी।



डीसी ने बताया कि 20 मई को चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टी को रामगढ़ कॉलेज परिसर में 19 मई को ईवीएम उपलब्ध कराया जाएगा। रामगढ़ जिले में सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान चलेगा। मतदान के बाद हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा किए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार और निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता मौजूद थे। डीसी ने बताया कि रामगढ़ जिले में शत-प्रतिशत मतदाता मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए अनूठी योजना चलाई गई है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वैसे मतदाता जिनकी उम्र काफी अधिक है या फिर वे दिव्यांग हैं। वे किसी भी परिस्थिति में मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो उनके घर पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। रामगढ़ जिले में 43 ऐसे मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। चुनाव कार्य में लगी टीम उनके घर जाकर बैलेट से मतदान प्रक्रिया पूरी कराएगी। डीसी ने बताया कि रामगढ़ जिले के 10 हजार से अधिक मतदाता दूसरे जिले या राज्य में काम कर रहे हैं। इसकी सूची श्रम विभाग की ओर से दी गई थी। बीएलओ के द्वारा भी प्रवासी मजदूरों को चिह्नित किया गया था। इनमें से तीन हजार से अधिक मतदाता वोट डालने के लिए अपने घर पहुंच रहे हैं। यह अभी तक का आंकड़ा है। इसमें और भी इजाफा हो सकता है। कई लोगों ने कार्यालय में ईमेल किया है और कई लोगों ने फोन से टिकट बुक करने की बात कही है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि स्टेटिक स्क्वाड टीम और फ्लाइंग स्क्वायड टीम अधिसूचना जारी होने के साथ ही सक्रिय हो गए हैं।

## झारखंड के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुकुल वासनिक की ओर से चौथे चरण 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, के.सी.



वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना के. पी. सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप कुमार. बालमुचू, बंधु तिर्की, सहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरांव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविन्द्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी और दयामनी बारला शामिल है।


# पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में किया जनसंपर्क



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पाटन व छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा करने के बाद कहा कि पूरे क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर चल रही है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम का तीसरी बार भी भारी मतों से जितना तय है। क्षेत्र में लगातार भ्रमण के दौरान लोगों का रुझान एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में दिख रहा है। विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों के अनुसार देश की जनता धारा 370, राम मंदिर, भ्रष्टाचार पर केंद्र सरकार द्वारा की जा रही कड़ी कार्रवाई से बेहद खुश दिख रही है। छतरपुर प्रखंड के तेलाडी में लोगो के बीच भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं का उत्साह दिखा। मौके पर मुखिया डोमण यादव, कैसी यादव, राजेश यादव, कुश कुमार, सत्यनारायण, शिव भुईयां, अशोक तिवारी, रामपुकार भुईयां, बीरबल राम, विक्रम भुईयां, विशेश्वर राम, कुलदीप राम, दिनेश्वर राम, लखन राम, बिनु राम, अवधेश यादव, पप्पू यादव, उषा देवी, बिकिनी देवी, रेशमा देवी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आम चुनाव
## भाजपा के क्षेत्रीय संगठनमंत्री ने की बैठक
# बूथ जीतने का दिया मंत्र



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** मिशन-2024 के तहत पलामू पहुंचे झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पलामू लोकसभा अंतर्गत पथरा मंडल के बरांव शक्ति केंद्र पर बूथ कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने की। बैठक में श्री त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिये कार्यकताओं को बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र का एक-एक बूथ को जीतना है। सभी बूथ अध्यक्ष अगर अपना बूथ जीत जाय तो समझिये कि चुनाव जीत गये। उन्होंने बूथ कमेटी गठन की समीक्षा के बाद कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन है। पीएम राष्ट्र हित में जो कहते हैं वह काम पूरा भी करते हैं। इसलिये देश की जनता का अटूट विश्वास भाजपा पर है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अपने बूथ पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं। बैठक में पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डाल्टनगंज विधानसभा के प्रभारी रघुराज पांडेय, पथरा मंडल के प्रभारी प्रदीप सिन्हा, जिप सदस्य रामलव चौरसिया, प्रमोद सिंह, जय दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अभिमन्यु तिवारी, गुड्डू खान, संटू चौरसिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बाईक दुर्घटना में महिला सहित तीन घायल

**गढ़वा :** गढ़वा-चिनिया मार्ग पर शुक्रवार को रानीचेरी के पास हुई बाईक दुर्घटना में महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों में रंका थाना क्षेत्र के वाहुकुदर गांव निवासी अमरुद्दीन अंसारी का पुत्र मुस्तफा अंसारी, उसकी पत्नी सायदा बीबी एवं उसकी पुत्री शमीमा खातून के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक बाईक पर सभी लोग सवार होकर गढ़वा आ रहे थे। इसी दौरान रानी चेरी के पास नील गाय बाईक के पास दौड़ गई, इससे उसकी बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या का प्रयास

**विशनपुरा :** थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव निवासी चंद देव रजवार की पत्नी रानी देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में रानी देवी ने बताया कि उसका पति मोबाईल पर किसी दूसरी लड़की से बातचीत करता है इसकी जानकारी मिलने के बाद वह अपने पति से दूसरी लड़की के साथ बातचीत करने का विरोध किया तो उसके पति ने उससे नोक झोंक कर लिया। इसी बात से आक्रोशित होकर रानी देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कीटनाशक खाने से महिला गंभीर

**गढ़वा :** पाचाडुमर थाना क्षेत्र के तालीगांव निवासी पिंटू राम की पत्नी मालती देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि आपसे किसी बात को लेकर मालती देवी ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### सतौवा में आगलगी की घटना में सात बकरी जले, घर में रखे कई सामान स्वाहा

मेदिनीनगर : पाटन प्रखंड के सतौवा गांव में शुक्रवार को आगलगी की घटना में 7 बकरी जलकर मर गई। वहीं घर में रखा कई कीमती सामान जलकर स्वाहा हो गया। भुक्तभोगी रुपु साह ने बताया कि घर से सटे हुये गाय-बकरी का घर बना हुआ था। उन्होंने संभावना जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दी गई है जिस कारण घर मे खूंटे से बंधे सात बकरी की जलकर मौत हो गई है। भुक्तभोगी के अनुसार इस घटना में उसे लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इधर घटना की सूचना के बाद पाटन के जिप सदस्य संग्राम सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। श्री सिंह ने कहा कि भुक्तभोगी रूपु साह एक छोटा किसान है और बकरी पालन कर जीविकोपार्जन करते थे। उन्होंने रुपू साहू को सरकारी प्रावधान के तहत हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अभी तक कोई सरकारीकर्मी घटना स्थल पर नहीं आये हैं। जबकि सरकारी कर्मियों को भी भुक्तभोगी के प्रति संवेदना होनी चाहिये थी।

### चाकू मारकर माइंसकर्मी को घायल करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**पांकी :** पुलिस ने 21 अप्रैल की रात्रि पांकी थाना अंतर्गत आसेहार स्थित सौरभ स्टोन माईन्स में कुक पर हमला करनेवाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आसेहार निवासी नईम खलीफा (30) पिता जियाउद्दीन खलीफा, खुर्शीद खलीफा उर्फ छोटु(19) पिता-रसीद खलीफा, दोनो ग्राम-आसेहार, थाना-पांकी व लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुस्लिमनगर निवासी महफुज खलीफा उर्फ मिथुन (19) पिता मो मकसुद खलीफा शामिल हैं। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना दोनों पक्षों में आपसी विवाद को लेकर हुई थी। माईन्स मे ही कुक का काम करने वाले सूरज चन्द्रवंशी पिता स्व सुरेन्द्र चन्द्रवंशी जब माईन्स में ही खाना बना रहे थे, उसी समय आरोपियों ने सब्जी काटने वाले चाकू से मारकर उसे घायल कर दिया था।

## गढ़वा-मझिआंव रोड पर बाईक दुर्घटना में दो लोग गंभीर, भर्ती

**गढ़वा :** गढ़वा-मझिआंव मार्ग पर शुक्रवार की सुबह हुई बाईक दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव निवासी प्रभु प्रजापति का पुत्र नीरज प्रजापति एवं मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के चांदो गांव निवासी प्रयाग प्रजापति का पुत्र उदय प्रजापति के नाम शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में नीरज प्रजापति ने बताया कि सभी लोग शादी समारोह में मेराल थाना क्षेत्र के पचफेड़ी गांव आये हुये थे। इसी क्रम में सुबह लड़का के लिये गढ़वा मऊर खरीदने के लिये आने के दौरान दलेली गांव के पास उसकी चलती बाईक के सामने गाय कूद गई जिससे बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने इलाज के लिये उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## शादी का झांसा दे चार बच्चों के पिता ने किया यौन शोषण

बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** अनुमंडल के नौडीहा बाजार थाना के एक गांव की 19 वर्षीय युवती के साथ चार बच्चों के बाप द्वारा शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर पिछले दो वर्षों से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित युवती ने महिला थाना में नामुदाग निवासी रंजन कुमार व उसकी पत्नी सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 2022 में शादी का झांसा देकर रंजन ने उसके साथ यौन शोषण किया। इसके बाद वह कहीं भी जाती थी तो वह उसके पीछे आकर जान देने की धमकी देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर जब उसने रंजन से शादी करने को कहा तो उसके साथ मारपीट करते हुये गर्भपात के लिये दवा लाकर दी। जब दवा खाने से इनकार किया तो मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि 18 मार्च को रंजन के छोटे भाई भीम राज की शादी थी तो शादी समारोह में शामिल होने के लिये उसे अपने घर बुलाकर गर्भपात कराने के लिये उसकी पत्नी बबली देवी, बहन प्रिया कुमारी, आशा कुमारी, गुड्डी कुमारी, भाई अक्षय कुमार, भीमराज कुमार, पिता बलदेव साव, मां लाकेश्वरी देवी, चाचा ओमप्रकाश साव और किरण देवी दबाव बनाने लगे। जब उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और कहा कि घटना के संबंध में किसी बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद रंजन को घर से भगा दिया। मारपीट में जब वह बेहोश हो गई तो इसकी जानकारी उसके पिता को हुई। इसके बाद रंजन के घर आकर पिता उसे छतरपुर अनुमंडल अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। महिला थाना के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर रंजन सहित उसके परिवार के नौ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## श्री शिव मंदिर नव निर्माण को लेकर भूमि पूजन, भक्तों ने लगाये जयकारे
# कुकही गांव में बनेगा मंदिर

बंशीधर न्यूज



**हैदरनगर :** प्रखंड के कुकुही गांव के टोला मोगलजान के ग्रामीणों ने श्री शिव मंदिर नव निर्माण के लिये वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। शिव मंदिर भूमि का पूजन स्थानीय पुरोहित दिनेश पाठक द्वारा पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं उनकी पत्नी आरती देवी के हाथों से संपन्न कराया गया। मोगलजान गांव का विशेषता है कि पूर्वजों ने अपनी जमीन को दान में देकर इसी गांव में सरकारी हाईस्कूल की स्थापना करवाई है। जो पहले प्राईमरी स्कूल बाद में मिडिल स्कूल और आज के दिन अपग्रेडेड हाईस्कूल कुकुही के नाम से संचालित है। भूमि पूजन में मुख्य रूप से स्थानीय गांव निवासी किसान बैजनाथ मेहता, पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, राजाराम मेहता, सत्येन्द्र प्रसाद निर्जल प्रसाद, बिनोद मेहता एवं इस ग्राम के सभी महिलाएं बच्चे भाग लिया और सभी ने प्रण लिया कि अगले शिव रात्रि पर्व से पहले शिव मंदिर बनाने का कार्य पुरा करके सभी ग्रामवासी इसी शिव मंदिर में शिव जी पर जल चढ़ाएंगे।

## भुगतान के लिये तीन साल से ठोकरें खा रहे हैं लाभुक, मिलेंगे डीसी से

**नावाबाजार :** प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत के रजदिरीया गांव निवासी मिथिलेश कुमार यादव द्वारा 15 वें वित्त अनुदान मद से काम कराया गया था। इसका फाईनल भुगतान मुखिया व पंचायत सेवक द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजना की राशि भुगतान के लिये पैसा उपलब्ध कराया गया था। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव ने इस योजना में भुगतान करना उचित नहीं समझा। लाभुक समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव समय-समय पर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के नाम आवेदन देकर भुगतान की गुहार लगाते रहे हैं। बीडीओ द्वारा भी मुखिया को भुगतान करने का निर्देश दिया जाता रहा है। मगर आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी पंचायत के कुंभी खुर्द गांव में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 15 वें वित्त की राशि से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया गया है। तत्कालीन मुखिया द्वारा निर्माण कार्य के बाद लाभुक समिति के खाते में एक लाख 15 हजार रुपये का भुगतान भी किया गया है। शेष राशि के लिये तीन वर्ष से मुखिया सहित अन्य अधिकारी के पास लाभुक दौड़ लगा रहे हैं। पंचायत द्वारा उन्हें यह कह कर भुगतान नहीं किया जा रहा है कि पैसा नहीं है। जबकि 15 वें वित्त की राशि पंचायत में आती रही है और वर्तमान समय में भी राशि उपलब्ध है। पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजनाओं की राशि भुगतान को लेकर पैसे उपलब्ध कराये गये थे। पैसा भुगतान को लेकर लाभुक समिति के लोगों ने डीसी से मिलकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।



# केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 को, शामिल होने का आह्वान

बंशीधर न्यूज

**तरहसी :** चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रखंड मुख्यालय में केएन त्रिपाठी ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता खुर्शीद आलम व संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। केएन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बतायेगी। आप लोगों का बहुत अरसे बाद यह संयोग बना है कि चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन ने 1532 ई. के खतियानी उम्मीदवार को चुनाव में भेजा है। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा कि आप सभी 30 अप्रैल को नामांकन में चतरा पहुंचने की कोशिश करें। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### स्कॉर्पियो के धक्के से महिला घायल

**गढ़वा :** गढ़वा-चिनिया मुख्य मार्ग पर स्कॉर्पियो के धक्के से एक महिला घायल हो गई। घायल मेराल थाना क्षेत्र के कारकोमा गांव निवासी कृष्णकांत तिवारी की पत्नी शारदा देवी के नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया गया की उक्त घायल महिला करुआ गांव से अपने बेटी के घर पेशका गांव से टैंपू से उतरकर पैदल झोतर गांव जा रही थी। उसी बीच बवई नदी के पास पीछे से एक स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद आस पास के लोगों ने घायल को इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया। घटना में उक्त महिला के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया।

**चुनाव** ▶ पलामू सीट के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की हुई जांच

# सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही, नाम वापसी 29 तक

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** आम चुनाव 2024 के तहत चल रहे निर्वाचन प्रक्रिया के चौथे चरण में पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया में शामिल सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। हालांकि सभी 11 प्रत्याशियों ने कल अलग-अलग 29 स्टेटमेंट नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से चार नामांकन रद्द किये गये हैं। इनमें महेंद्र बैठा का दो, बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा का एक व निर्दलीय गणेश रवि का एक नामांकन पत्र शामिल है। बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा, राजद प्रत्याशी ममता भुईयां, भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम व एसयूसीआई (सी) के महेंद्र बैठा ने 4-4 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया था। वहीं राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी ने तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम, भागीदारी पार्टी (पी) के सत्येन्द्र कुमार पासवान व निर्दलीय गणेश रवि ने दो-दो तथा बहुजन मुक्ति पार्टी के राम वचन राम व लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम ने एक-एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया था। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है। इसके बाद शेष बच गये प्रत्याशियों के बीच सिंबल आवंटित कर दिया जायेगा

## झारखंड-यूपी बॉर्डर पर बने चेकपोस्ट का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**श्री बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन ने शुक्रवार को झारखंड-यूपी बॉर्डर पर बिलासपुर में बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऑब्जर्वर ने बॉर्डर पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी से चेकपोस्ट पर जांच से संबंधित जानकारी ली तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ऑब्जर्वर ने चेक पोस्ट पर वाहन जांच में क्या-क्या चेकिंग करना है, क्या-क्या सतर्कता बरतनी है उसके बारे में जानकारी दी। इस संबंध में डीसीएलआर शीलवंत भट्ट ने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुये एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन के श्री बंशीधर नगर पहुंचने के बाद झारखंड उत्तर प्रदेश सीमा पर बनाये गये चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान लगाये गये चेकपोस्ट पर मजिस्ट्रेट को कई दिशा निर्देश दिया गया। वाहन चेकिंग में सुरक्षा से संबंधित कई बातें बताई गई। मौके पर व्यय लेखा पदाधिकारी अंकित रामपाल, बीडीओ अदिती गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे। उधर निरीक्षण के बाद ऑब्जर्वर ने श्री बंशीधर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।

## बीएलओ ने मतदाताओं के घर-घर जाकर की मतदाता पर्ची वितरित



**गढ़वा :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीएलओ के द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मतदाता से मतदाता सूचना रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदान केंद्र संख्या 118 के मतदाता कुमार नरेंद्र नारायण प्रखंड विकास अधिकारी गढ़वा को बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची दिया गया। बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को बतलाया जा रहा है कि आगामी 13 मई को निर्धारित चुनाव तिथि के दिन आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का इस्तेमाल अवश्य करें। बीएलओ के द्वारा अपने मतदान क्षेत्र के एएसडी मतदाताओं की पहचान की जा रही है। जो क्षेत्र में नहीं रहते हैं, या जिनकी मृत्यु हो गई है। वैसे लोगों की बीएलओ के द्वारा अलग से सूची तैयार की जा रही है।

## युवक ने रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचायी जान

**गढ़वा :** शहर के टंडवा मोहल्ला निवासी नूर आलम ने गढ़वा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंच कर एक यूनिट रक्तदान कर एक गर्भवती महिला कि जान बचाई। इस संबंध में नूर आलम ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि मेराल थाना क्षेत्र के बऊराहा गांव निवासी धनंजय राम की पत्नी रीना देवी को शरीर में 5 ग्राम रक्त है। साथ ही उक्त महिला गर्भवती है उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। लेकिन उसे कोई एक यूनिट रक्त देने वाला नहीं है। इसके बाद नूर आलम गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर उक्त महिला के लिये एक यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि शहर में लोग रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। रक्तदान के मामले में महिला भी जागरुक हो गई हैं। लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रक्तदान करने से पीछे भाग रहे हैं, उन्हें जागरूक करने की अति आवश्यकता है।

## बाईक दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा :** केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर गांव निवासी इंद्रदेव विश्वकर्मा का पुत्र धनंजय विश्वकर्मा बाईक दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि धनंजय विश्वकर्मा केतार प्रखंड अंतर्गत शिशु विद्या मंदिर में प्राईवेट शिक्षक हैं। स्कूल के काम से कहीं जा रहे थे इसी दौरान खैरवा गांव के पास उनकी बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद उसे श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## गर्म तेल में गिरने से युवक जख्मी

**गढ़वा :** बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी नानदेव रजवार का पुत्र अखिलेश रजवार गर्म तेल में गिरने से जलकर जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अखिलेश रजवार को चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अखिलेश रजवार शादी पार्टी आदि में जाकर हलवाई का काम करता है। गुरुवार को भी शाम में सलगा गांव में एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिये गया हुआ था। इसी दौरान उसे फरका आ गया और वह गर्म तेल में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद साथ के लोगों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## यातायात नियमों का उल्लंघन पर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई : समाल अहमद

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व मे मेदिनीनगर शहर मे लगातार एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। छहमुहान पर वाहन जांच के दौरान यातायात प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। इसलिये वाहन चालक वाहनों के जरूरी कागजात अपने साथ रखें और दोपहिया चालक हेलमेट पहनने के बाद ही बाहर निकले। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पर वाहनों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई के लिये शहर थाना मे जमा किया जा रहा है, जहां से उनको डीटीओ ऑफिस मे चालान के माध्यम से फाईन देकर छुड़ाना पड़ेगा। जांच अभियान में शुक्रवार को 15 बाईक को जिला परिवहन कार्यालय चालान हेतु भेजा गया एवं एक बाईक को सीजीएम कार्यालय भेजा गया।

# स्कूल बस ने कार में मारी टक्कर, कार सवार एक महिला घायल

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के खोरिडीह गांव में शुक्रवार की सुबह में रामगती राम के घर के पास एक स्कूल बस ने विपरीत दिशा से आ रही बोलेनो कार में टक्कर मार दी। जिससे कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना में बस में सवार विद्यार्थी बाल-बाल बच गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार में स्कूल बस रौंग साईड में जाकर बोलेनो कार को अपनी चपेट में लेते हुये कार को कुछ दूर तक खींच कर ले गया। इस घटना में कार में बैठी प्रियंका देवी घायल हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि आवाज सुनकर आसपास के लोग कार के पास दौड़े आये तथा किसी तरह कार में घायल महिला को निकाल कर निजी वाहन से इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के बाद आदित्य बिरला स्कूल बस का ड्राईवर मौके से फरार हो गया। लोगों ने घटना की सूचना मेराल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद स्कूल बस जिसका नंबर जेएच 3 ए ए/ 0199 तथा बोलेनो कार नम्बर जे एच 01डी वी/9863 दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

## पिकअप पलटने से एक की मौत, एक दर्जन जख्मी

**पड़वा :** मेदिनीनगर-पड़वा मुख्य मार्ग एनएच 75 पर शुक्रवार की सुबह लोहड़ा गांव में महिंद्रा पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में पड़वा के तेलियाही निवासी 50 वर्षीय कोमल महतो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नावाबाजार थाना क्षेत्र के दमारो निवासी 45 वर्षीय डोमन साव व वीरेंद्र साव सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिये सदर अस्पताल भेजवाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिकअप गाड़ी संख्या डब्ल्यूबी 33 बी 4269 जिस पर लोहे और लकड़ी का सामग्री लोड था। उसमे 10-15 लेबर भारत वाणिज्य कैंप से मेदिनीनगर की ओर कार्य करने जा रहे थे। पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ में टक्कर मारते हुये पलट गई और वाहन पर लदा सामान एक व्यक्ति पर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही तेलियाही वह उसके आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचकर मुआवजा की मांग करते हुये शव उठाने से रोक दिया। पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, सीओ हलधर सेठी, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। बहुत समझाने के बाद 3 लाख नगद भुगतान व सरकारी लाभ के आश्वासन पर परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने को तैयार हुये। बीडीओ, सीओ, राजन मेहता, अनुज सिंह, श्रीराम मेहता की मध्यस्थता के उपरांत भारत वाणिज्य के अधिकारी प्रकाश सिंह ने 3 लाख नकद मृतक के बेटे को भुगतान किया। इधर शव उठनेवाला ही था कि तेलियाही के ही योगेंद्र मेहता ने शव उठाने से मना कर दिया। उनका कहना था कि कंपनी 5 लाख का तुरंत भुगतान करे तभी शव उठेगा। 3 बजे तक शव सड़क किनारे ही पड़ा हुआ था। इधर परिजन लगातार शव के साथ एनएच जाम करने की कोशिश करते रहे थे लेकिन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ और थाना प्रभारी की तत्परता के कारण जाम नहीं हो सका।

## अटरिया श्रीरुद्र महायज्ञ के चौथे दिन हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम

# 11 ब्राह्मण पुत्रों का किया गया यज्ञोपवीत संस्कार

बंशीधर न्यूज





**विश्रामपुर :** प्रखंड के अटरिया गांव में चल रहे सात दिनी श्री रुद महायज्ञ के छठे दिन शुक्रवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीरुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी उदय नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में चल रहा है। जहां प्रत्येक दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला में आमंत्रित देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जा रही है। नवनिर्मित शिव मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच भगवान शंकर पार्वती की प्रतिमा सहित शिवलिंग स्थापित किया गया। वहीं छठे दिन सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 11 ब्राह्मणपुत्र का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इसके लिये वैदिक रीति रिवाज के साथ हल्दी रश्म, परिक्षण, मुंडन आदि कार्यक्रम करते हुये यज्ञशाला मंडप में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञ शनिवार को हवन पूजन के साथ संपन्न होगा। रविवार को जलयात्रा के साथ सात दिवसीय यज्ञ की शुरूआत हुई थी। जहां प्रत्येक दिन यज्ञाचार्य के देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। वहीं दोपहर तीन बजे से देर रात तक देश के कई हिस्सों से पधारे विद्वानों का प्रवचन चल रहा है। अयोध्या से आयीं मुख्य प्रवचन कर्ता मानस विदुषी देवी चंद्रकला व जगतगुरु लक्ष्मणाचार्य के प्रवचन में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जमा हो रही है। यज्ञ के सफल संचालन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष देव नारायण तिवारी, संरक्षक रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे, कन्हैया तिवारी, सुनील तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, नवीन रंजन तिवारी, दिलीप तिवारी, राहुल तिवारी, अमित तिवारी, अशोक तिवारी सहित अटरिया गांव व आसपास के लोगों की महत्वपूर्ण योगदान है।






# मोदी राज के 10 साल में सबसे ज्यादा गिरी है प्रधानमंत्री पद की गरिमा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल में रुपया गिरा है और प्रेस की आजादी जैसी कई क्षेत्रों में गिरावट आई है लेकिन सबसे पीड़ाजनक स्थिति यह है कि इस दौरान प्रधानमंत्री के पद में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा की श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इतना निचले स्तर तक घटा दिया है कि इस गरिमा को फिर से हासिल करने में वर्षों का समय लग जाएगा।



श्री खेड़ा ने कहा, पिछले 10 साल में रिकॉर्ड स्तर पर रुपया गिरा, मीडिया फ्रीडम और हंगर इंडेक्स में देश की रैंक गिरी। लेकिन इस दौरान जो चीज सबसे ज्यादा गिरी वो है- प्रधानमंत्री पद की गरिमा। बेहद अफसोस की बात है कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इतना नीचे गिरा दिया है कि इसे संभालते हुए दशकों लग जाएंगे। देश के प्रधानमंत्री को फूहड़ भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक प्रधानमंत्री का काम समाज को आपस में लड़ाने का नहीं होता। चुनाव आते-जाते रहते हैं लेकिन इस बीच देश हार जाए, संविधान हार जाए, सांप्रदायिक सौहार्द हार जाए तो ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा , आज जो मतदान हो रहा है, उसमें वायनाड काफी महत्वपूर्ण सीट है। क्योंकि यहां से हमारे जनप्रिय नेता राहुल गांधी जी चुनाव लड़ रहे हैं, पिछली बार वह चार लाख से अधिक वोटों से जीते थे और इस बार जीत के सारे रिकॉर्ड टूटने वाले हैं, ये हम दावे के साथ कह रहे हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान में भी हम डबल डिजिट में सीट लेकर आ रहे हैं। जब मैं कोटा गया तो देखा कि वहां से लोकसभा स्पीकर भाजपा के प्रत्याशी हैं, चुनाव लड़ रहे हैं। वहां के लोगों ने मुझे बताया कि इन्होंने पिछले चुनाव से पहले कहा था- मैं यहां से अगला चुनाव तभी लडूंगा, जब यहां एयरपोर्ट लाऊंगा। अब 2019 से 2024 हो गया और हवाई अड्डा नहीं आया लेकिन फिर भी वह चुनाव लड़ने आ गए। कांग्रेस की घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा , नरेंद्र मोदी जी ने जिस तरह कांग्रेस के मेनिफेस्टो का प्रचार कर उसे घर-घर पहुंचाया उसके लिए उनका दिल से धन्यवाद। क्योंकि हमारे पास इतना पैसा नहीं था कि हम अपने मेनिफेस्टो का प्रचार कर सकें। मोदी जी जहां भी प्रचार करने जाते हैं, कांग्रेस की सीटें बढ़ा देते हैं, हमें उम्मीद है आने वाले पांच चरणों में भी आप ऐसा ही करेंगे।

## युवा कांग्रेस का 'इंडिया 300, भाजपा 150' अभियान शुरू

**नयी दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए 'इंडिया 300, भाजपा 150' डिजिटल अभियान शुरू किया है। युवा कांग्रेस की मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के सोशल मीडिया टीम के प्रमुख मनु जैन ने यह अभियान 'इंडिया गठबंधन 300, भाजपा 150' के नारे के तौर पर शुरू किया है। उन्होंने इसे अद्वितीय पहल बताते हुए कहा कि देश में पहली बार मतदाताओं को संगठित करने के लिए इस अभियान को डिजाइन किया गया है।



उन्होंने अभियान का प्राथमिक उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश मे पहली बार मतदाताओं को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आकर मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, लोकतंत्र के संरक्षण, संविधान की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतदान करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। श्री पांडे ने कहा, इस अभियान का उद्देश्य देश के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नवोन्वेषी और आकर्षक तरीकों के माध्यम से युवा कांग्रेस सोशल मीडिया टीम, युवा मतदाताओं को प्रेरित करना और उन्हें कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अपना वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। देश जिन वास्तविक चुनौतियों से जूझ रहा है, उन पर विशेष ध्यान देने के साथ अभियान का मकसद मतदाताओं की नई पीढ़ी को राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय रुचि लेने और उनकी आवाज सुनने के लिए सूचित और प्रेरित करना है।

## वीवीपैट-ईवीएम में हम पक्षकार कभी नहीं रहे : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) संबंधी याचिका के उच्चतम न्यायालय में खारिज होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जिन याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई उनमें कांग्रेस कभी पक्षकार नहीं रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी इस याचिका में पक्षकार नहीं रही है। उन्होंने कहा, वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है उसमें कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को संज्ञान में लिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाये रखने और इसे बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के माध्यम से पड़े मतों के साथ वीवीपैट की पर्चियों की गिनती (मिलान) 100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं आज सर्वसम्मति से खारिज कर दी।

# मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है : शाह

**बेमेतरा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बेमेतरा के बेसिक स्कूल में शुक्रवार को चुनावी सभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दो साल में हम नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कई रिपोर्ट को दबाकर रखा। हमने ओबीसी को संवैधानिक अधिकार प्रदान किया। मैं कहकर जाता हूं कि एसटी, एससी व ओबीसी आरक्षण को कोई नहीं हटा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि देश में कभी भी ट्रिपल तलाक, सीएए व 370 को हटाने नहीं देंगे। उन्होंने दुर्ग लोकसभा सीट के उम्मीदवार वर्तमान सांसद विजय बघेल के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल से भाजपा की सरकार रही है। इन 15 साल में भाजपा ने प्रदेश का विकास किया है। अमित शाह ने कहा कि कोई नहीं मानता था कि ईश्वर साहू, रविन्द्र चौबे जैसे कद्दावर नेताओं को हरा देंगे ,लेकिन उनका सुपड़ा साफ हो गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को बनाने का काम किया है।बीस साल में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि पीडीएस का चावल हमने गरीबों गरीबों तक पहुंचाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति में भुनेश्वर साहू की जान गई। छत्तीसगढ़ को राज्य बनाने का विरोध कांग्रेसियों ने किया। कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों का पालन पोषण किया। देश में नक्सल खत्म किए ,लेकिन भूपेश के कारण यहां नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि जब से हमारी नई सरकार बनी है, तब से चार माह के भीतर 90 नक्सली को मारा गिराया है। 123 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। करीब 200 ने सरेंडर किया है। अब तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को पीएम बना दें, तो हम आने वाले दिनों में पूरे राज्य से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण नक्सलवाद को पालने पोषण काम किया।अमित शाह ने कहा नक्सलियों को समाप्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 70 साल से अयोध्या राम मंदिर मामले को अटका कर रखा था। आपने नरेन्द्र मोदी को पीएम बनाया। पांच साल के भीतर हमने राम मंदिर का निर्माण कराया। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राहुल गांधी को निमंत्रण भेजा, वे नहीं आए। क्योंकि, उन्हें अपनी वोट बैंक की फिक्र था। मोदी जी ने ऐसे काम किए हैं जो एक हजार साल तक कोई नहीं कर पाएगा। राहुल गांधी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए, क्योंकि उन्हें वोट बैंक का डर लगता है।



## कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

**फारबिसगंज/अररिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की



लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)